प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**1910 सोमवार** **दिनांक 21.07.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**आज के मुख्य समाचारः–**

1– संसद का मानसून सत्र आज से शुरू हो गया है।

2– प्रदेश के रायगढ़ जिले के बुनकर आकाश कुमार देवांगन को राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार के लिए चुना गया है।

3– ईडी शराब घोटाले में गिरफ्तार चैतन्य बघेल को कल रिमांड खत्म होने पर फिर से करेगी विशेष न्यायालय में पेश।

4– प्रदेश के दक्षिणी भाग में अगले चौबीस घंटों के दौरान भारी वर्षा होने की संभावना।

**अब समाचार विस्तार से .....**

**संसद–मानूसन सत्र**

संसद का मानसून सत्र आज से शुरू हो गया है। यह सत्र इक्कीस अगस्त तक चलेगा। इस दौरान कुल इक्कीस बैठकें होगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आशा व्यक्त की है कि संसद का मानसून सत्र सार्थक और सकारात्मक चर्चाओं से भरपूर होगा। यह सत्र देश के लोकतंत्र को सशक्त बनाएगा। संसद के मानसून सत्र की शुरूआत से पहले संवाददाताओं को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि यह सत्र राष्ट्र के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण है। यह सत्र हमारी सामूहिक उपलब्धियों का सच्चा उत्सव है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना ने निर्धारित लक्ष्य शत–प्रतिशत हासिल किया।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि भारत ने आतंकवाद से लेकर नक्सलवाद तक बहुत सी हिंसक चुनौतियों का सामना किया है लेकिन आज नक्सलवाद और माओवाद का प्रभाव तेजी से कम हो रहा है।

**देश में सैकड़ों जिले नक्सल की चपेट में से निकल करके आज मुक्ति की सांस ले रहे हैं। हमें गर्व है कि बम, बंदूक और पिस्तौल के सामने हमारे देश का संविधान जीत रहा है। देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए साफ दिख रहा है कि कल तक जो रेड कॉरिडोर थे, वो आज ग्रीन ग्रोथ जोन में परिवर्तित होते नजर आ रहे हैं।**

**बुनकर–सम्मान**

प्रदेश के रायगढ़ जिले के बुनकर आकाश कुमार देवांगन को राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार के लिए चुना गया है। आगामी सात अगस्त को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के मौके पर नई दिल्ली में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आकाश देवांगन सहित देशभर से चुने गए चौबीस बुनकरों को ये पुरस्कार प्रदान करेंगी।

ये पुरस्कार देश के हथकरघा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले बुनकरों, डिजाईनरों और कंपनियों को दिए जाते हैं।

आकाश देवांगन को जनजातीय बस्तर जाला कोसा साड़ी के लिए यह पुरस्कार दिया जाएगा।

## कृषि–राष्ट्रीय सत्र

भारतीय कृषि में जैविक और अजैविक तनाव प्रबंधन पर नीति पत्र तैयार करने के लिए आज से रायपुर में दो दिवसीय राष्ट्रीय सत्र शुरू हुआ। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय जैविक तनाव प्रबंधन संस्थान रायपुर, राष्ट्रीय **अजैविक** तनाव प्रबंधन संस्थान बारामती तथा भारतीय कृषि अर्थशास्त्र संस्था मुंबई के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अध्यक्ष पी.के. राय ने बताया कि इस कार्यक्रम के दौरान होने वाली चर्चा से किसानों को लाभ पहुंचेगा।

दो दिवसीय इस विमर्श में देशभर से अनेक कृषि वैज्ञानिक और विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं।

## ईडी–चैतन्य बघेल

प्रवर्तन निदेशालय–ईडी द्वारा करीब ढाई हजार करोड़ रूपए के शराब घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए चैतन्य बघेल की रिमांड की अवधि कल बाईस जुलाई को खत्म हो रही है। ईडी द्वारा कल चैतन्य बघेल को पुनः रायपुर स्थित पीएमएलए विशेष न्यायालय में पेश किया जाएगा।

इससे पहले, आज ईडी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दावा किया है कि उसे अब तक की गई अपनी जांच में यह पता चला है कि चैतन्य बघेल को अवैध रूप से सोलह करोड़ सत्तर लाख रुपये प्राप्त हुए थे। ईडी के अनुसार चैतन्य ने इस राशि का उपयोग अपने रियल एस्टेट से जुड़े प्रोजेक्ट में किया है। इसके अलावा ईडी ने यह भी दावा किया है कि चैतन्य बघेल शराब घोटाले से संबधित करीब एक हजार करोड़ रूपए की राशि के लेनदेन में भी शामिल रहा है।

गौरतलब है कि ईडी ने शराब घोटाले मामले में अब तक पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा और पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा सहित सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

## कांग्रेस–चक्काजाम

वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल के खिलाफ कथित शराब घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय–ईडी की कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस कल बाईस जुलाई को राज्य के सभी संभागीय मुख्यालयों में चक्काजाम करेगी। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने बताया कि पांचों संभागीय मुख्यालयों में आर्थिक नाकेबंदी करने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश के सभी राष्ट्रीय राजमार्गों, जिलों और प्रमुख शहरों के मुख्य मार्गों में कल दोपहर बारह बजे से लेकर दो बजे तक चक्काजाम कर आर्थिक नाकेबंदी की जाएगी।

## ईओडब्ल्यू–गिरफ्तार

इस बीच, शराब घोटाला मामले में आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो–ईओडब्ल्यू ने मनीष मिश्रा, संजय कुमार मिश्रा और अभिषेक सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि संजय और मनीष एफएल टेन लाइसेंस लेकर प्रदेश में महंगी ब्रांडेड अंग्रेजी शराब की आपूर्ति करते थे।

## राज्यपाल–पीएम जनमन अभियान

राज्यपाल रमेन डेका ने आज राजभवन में प्रधानमंत्री जनमन अभियान के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सिर्फ रिपोर्ट पर निर्भर न रहें, बल्कि निचले स्तर पर जाकर यह देखें कि योजनाओं का सही तरीके से क्रियान्वयन हुआ है या नहीं। राज्यपाल ने अधिकारियों को योजनाओं की प्रगति की जमीनी हकीकत देखने के लिए गांवों का दौरा करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि इस योजना का मूल उद्देश्य विशेष पिछड़ी जनजातियों तक केन्द्र द्वारा तय सुविधाओं का लाभ पहुंचाना है। इन वर्गों तक शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाएं पहुंचे, यह सरकार की प्राथमिकता है।

**किक बॉक्सिंग चैम्पियनशिप**

रायपुर में आयोजित वाको इंडिया राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग चैम्पियनशिप का कल समापन हुआ। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। इस चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ ने आठ स्वर्ण, तेरह रजत और सैंतीस कांस्य पदक प्राप्त कर छठवां स्थान अर्जित किया है।

**भारतीय मानक ब्यूरो–कार्यक्रम**

भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा आज से रायपुर में दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम की शुरूआत की गई। शुभारंभ को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने अभियंताओं से कहा कि तेजी से बदलती दुनिया में नए मानकों और नवाचारों को अपनाना होगा। इस कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रदेशभर के एक सौ बीस से अधिक अभियंता शामिल हो रहे हैं।

**माओवादी–ग्रामीण हत्या**

बीजापुर जिले में माओवादियों ने दो ग्रामीणों की हत्या कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार बीती रात ग्राम छुटवाई निवासी कवासी जोगा और बड़ा तर्रेम निवासी मंगलू कुरसम की चार से पांच माओवादियों ने धारदार हथियार से हत्या कर दी। पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही है।

इसी जिले के बासागुड़ा थाना क्षेत्र से पुलिस और कोबरा बटालियन की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए कुम्हारपारा–धरमापुर के बीच से एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इस व्यक्ति के पास से अवैध विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है।

वहीं, सुकमा जिले के चिंतलनार के लखापाल और नागाराम गांव के बीच माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी को सीआरपीएफ के जवानों ने बरामद किया, जिसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया है।

**सावन सोमवार**

सावन के दूसरे सोमवार पर आज देशभर में बोल–बम और हर–हर महादेव की गूंज है। वहीं, प्रदेश के शिवालयों में भी शिवभक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा है। सभी शिव मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा हुआ है। श्रद्धालु दूर–दूर से भगवान शिव के दर्शन करने और जलाभिषेक करने मंदिरों में पहुंच रहे हैं। विभिन्न जगहों पर आज कांवड़ यात्राएं भी निकाली गईं।

उधर, कबीरधाम में पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने मां नर्मदा के जल के साथ एक सौ इंक्यावन किलोमीटर लंबी पदयात्रा की शुरुआत की। उन्होंने बताया कि अमरकंटक से कांवड़ लेकर डोंगरिया स्थित जलेश्वर महादेव और प्रसिद्ध भोरमदेव मंदिर में जलाभिषेक किया जाएगा।

**मौसम**

**और अब पेश है मौसम का हाल...**

प्रदेश में वर्षा का दौर अभी जारी रहेगा। मौसम विज्ञानी एच.पी. चन्द्रा ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि राज्य में कल एक–दो स्थानों पर गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने और भारी वर्षा होने की संभावना है।

इस बीच, बलरामपुर जिले के बेलसर गांव में कल आकाशीय बिजली गिरने से खेत में काम कर रहे दो लोगों की मौत हो गई, जिनमें एक नाबालिग भी शामिल है। वहीं, इस हादसे में छह अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिनका इलाज शंकरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है।

**संक्षिप्त समाचार**

**और अब कुछ समाचार संक्षेप में ...**

– वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने कल रायगढ़ जिले के सरिया में नवनिर्मित तहसील कार्यालय, उप–पंजीयक कार्यालय और अटल परिसर का लोकार्पण किया।

– एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी की टीम ने आज सूरजपुर तहसील कार्यालय में छापा मारकर लिपिक जुगेश्वर राजवाड़े को पच्चीस हजार रूपए रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। इस लिपिक ने एक व्यक्ति से जमीन नामांतरण के एवज में रिश्वत की मांग की थी।

– बलरामपुर जिले की वाड्रफनगर पुलिस ने बीती रात करीब नौ लाख रुपए कीमत के गांजा की तस्करी करते चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तस्कर ये गांजा बारह थैलों में भरकर उत्तरप्रदेश ले जा रहे थे।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>